प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, लखनऊ

31.03.2024 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से किया सम्मानित।

2. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेरठ में आयोजित जनसभा को किया संबोधित : कहा– 2024 का चुनाव है विकसित भारत बनाने के लिये है।

3. लोकसभा चुनाव के पहले चरण में प्रदेश की आठ सीटों के लिये नामांकन प्रक्रिया पूरी, 80 उम्मीदवार चुनाव मैदान में : दूसरे चरण के लिये अब तक चार प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन।

4. सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने आज अयोध्या में रामलला के किये दर्शन : कहा– रामराज्य की परिकल्पना हो रही है साकार।

————————

लालकृष्ण आडवाणी–भारत रत्न

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने श्री आडवाणी के आवास पर उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और श्री आडवाणी के परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजनीति के शिखर व्यक्तित्व लाल कृष्ण आडवाणी ने दृढ़ समर्पण और असाधारण कौशल के साथ सात दशकों से भी अधिक समय तक देश की सेवा की। वहीं प्रधानमंत्री ने कहा कि लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित होते देखना मेरे लिये बहुत विशेष था। यह सम्मान देश की प्रगति में उनकी स्थायी योगदान की मान्यता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी है।

————————

पीएम मोदी–मेरठ रैली

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 2024 का चुनाव सिर्फ सरकार बनाने के लिये नहीं, यह विकसित भारत बनाने के लिये है। 2024 का जनादेश भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनायेगा। आज मेरठ में आयोजित भारत रत्न चौधरी चरण सिंह गौरव समारोह में जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार तीसरे कार्यकाल की तैयारी में अभी से जुट गई है। आने वाले पांच साल का रोडमैप बनाया जा रहा है। पहले सौ दिनों में जो बड़े फैसले लेने हैं, उन पर तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि बीते दस वर्षों में जनता ने विकास का ट्रेलर देखा हैं, अभी तो देश को बहुत आगे लेकर जाना है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया भरोसे के साथ भारत की ओर देख रही है। देश में तेजी से आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर बन रहा है, जिस पर अभूतपूर्व निवेश किया जा रहा है। आज हर क्षेत्र में नौजवानों के लिये नये अवसर बन रहे हैं। वहीं नारी शक्ति नये संकल्पों के साथ आगे बढ़ रही है। श्री मोदी ने भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार हटाओ मोदी का मंत्र है, देश को भ्रष्टाचारियों से बचाने के लिये एक बहुत बड़ी लड़ाई लड़ी जा रही है।

पीएम मोदी–मेरठ रैली/जोड़

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह चुनाव, परिवार प्रथम और राष्ट्र प्रथम के बीच का है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 के बाद देश और प्रदेश की तकदीर बदल दी और नये भारत का दर्शन कराया है। आजादी के अमृतकाल में देश को उनका नेतृत्व प्राप्त हुआ है।

राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने के लिए मोदी सरकार को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भाजपा ने उन्हें उचित श्रेय दिया है।

समारोह में भाजपा सहित एनडीए के नेता भी मौजूद रहे। अपना दल की नेता अनुप्रिया पटेल और सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने भी जनसभा को संबोधित किया।

—————

विपक्षी गठबंधन–रैली

विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए ने आज दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली आयोजित की। रैली को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केन्द्र सरकार पर एजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिये है और विपक्ष को एकजुट होकर लड़ना चाहिये।

इस रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, आम आदमी पार्टी के नेता और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंतमान, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की पत्नी सुनीता, झारखंड मुक्तिमोर्चा के नेता और मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन और सहित इंडी गठबंधन के तमाम नेता शामिल हुए।

—————

प्रथम चरण नामांकन

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में प्रदेश की आठ सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। इस चरण के लिये पिछले 27 मार्च तक नामांकन दाखिल किये गये। 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच में 84 नामांकन वैध पाये गये, जबकि 71 खारिज कर दिये गये। कल नाम वापसी के अंतिम दिन चार उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस लिया, जिसके बाद अब इन आठ सीटों के लिये 80 उम्मीदवार मैदान में है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कल यह जानकारी देते हुए बताया कि पहले चरण के लिये 73 पुरूष और सात महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने बताया कि सहारनपुर में दो, कैराना एक और मुरादाबाद में एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र वापस लिया। इस चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा।

—————

दूसरा चरण नामांकन

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेश की आठ सीटों के लिये नामांकन जारी है। इस चरण में अब तक चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि दूसरे चरण के मेरठ लोकसभा सीट पर दो, गाजियाबाद में एक और मथुरा में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। उन्होंने बताया कि इस चरण में नामांकन भरने की अंतिम तिथि चार अप्रैल है। दूसरे चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में मतदान 26 अप्रैल को होगा।

—————

पीडीएम न्याय मोर्चा

एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी, अपना दल कमेरावादी की अध्यक्ष कृष्णा पटेल, अपना दल कमेरावादी की नेता डॉ. पल्लवी पटेल, प्रगतिशील मानव समाज पार्टी, राष्ट्र उदय पार्टी ने आज लखनऊ में तीसरा गठबंधन पीडीएम न्याय मोर्चा की घोषणा की।

इस मौके पर अपना दल कमेरावादी की नेता डॉ. पल्लवी पटेल ने कहा कि शोषित वंचित, मुस्लिम और पिछड़ा वर्ग को न्याय दिलाने के लिये यह मोर्चा बनाया गया है।

वहीं एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि चुनावों में पीडीएम का वोटों के लिये इस्तेमाल किया जाता रहा है। हम उन्हें न्याय दिलाने के लिये एकजुट हुए हैं।

———————

राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी–प्रत्याशी

राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने लोकसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी के दो उम्मीदवारों की घोषणा की। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि वे कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र से स्वयं चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि देवरिया सीट से एस.एन. चौहान को उम्मीदवार बनाया गया है।

———————

सिक्किम राज्यपाल–रामलला दर्शन

सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने आज अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन किये। राज्यपाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने आजादी के बाद रामराज्य की परिकल्पना थी। मुझे खुशी है कि रामराज्य की परिकल्पना साकार हो रही है। इससे पहले राज्यपाल को सर्किट हाउस में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

———————

ईस्टर पर्व

ईस्टर का पर्व आज पूरी दुनिया में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। मान्यता है कि क्रूस पर चढ़ाए जाने के बाद प्रभु यीशु आज के ही दिन पुनर्जीवित हो गए थे। कल रात देश के विभिन्न गिरजाघरों में मध्य रात्रि ईस्टर प्रार्थना आयोजित की गईं।

वहीं प्रदेश में भी ईसाई समुदाय आज ईस्टर मना रहा है। चर्चो में विशेष प्रार्थना सभाएं हुई। गोरखपुर में झांकी और प्रभु भोज का भी आयोजन किया गया। अमरोहा में चर्चो में विशेष आयोजन किये गये।

———————

मतदाता जागरूकता–भागीदारी

लोकसभा चुनावों में मत प्रतिशत बढ़ाने और चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर प्रदेशभर में व्यापक तैयारियां की जा रहीं हैं। इसी क्रम में जौनपुर में आज मतदाता जागरूकता और भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने चुनावी शुभंकर का अनावरण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि व्यवस्थित मतदाता, शिक्षा और चुनावी भागीदारी परियोजना के तहत प्रोत्साहित इस शुभंकर का उद्देश्य वोटरों की भागीदारी बढ़ाना है। वहीं अमरोहा में ज़िला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने मतदाताओं से, आचार संहिता उल्लंघन संबंधी मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए सी–विजिल ऐप का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदाताओं की समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्ट्रेट में 24 घंटे कंट्रोल रूम सक्रिय है।

उधर, जालौन में जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने चुनाव को ले कर, कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा करते हुए, स्वीप जागरूकता कार्यक्रम के जरिए मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर बल दिया, जबकि पीलीभीत जिले में वोटर लिस्ट संबंधी जानकारी और चुनाव संबंधी शिकायतों के लिए कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।